साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है संपर्क करें ...
संपर्क करे- 9425156055

वर्ष-10 अंक-08 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 03 अप्रैल 2026 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ-08 मूल्य 2 रूपये

## अब घटिया सामान बेचने पर 1 लाख जुर्माना या 6 माह जेल अगर उपभोक्ता को बड़ा नुकसान हुआ तो पांच लाख जुर्माना या सात साल जेल जानिए

उपभोक्ता कानून में सोमवार से किए बदलावों से घटिया सामान बेचने वालो, गुमराह करने वाले विज्ञापन देने वालों को जेल की हवा खानी पड़ सकती है। घटिया सामान बेचने वालों को छह महीने की जेल हो सकती है या एक लाख रुपये जुर्माना देना पड़ेगा।

बड़े नुकसान पर ग्राहक को पांच लाख रुपये मुआवजा देना होगा और सात साल की जेल होगी। उपभोक्ता की मौत हो जाए तो मुआवजा दस लाख व सात साल या आजीवन कारावास भी संभव है। नए कानून के दायरे में ई-कॉमर्स कंपनियां भी आएंगी। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम (कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) के तहत अब ग्राहक किसी भी उपभोक्ता अदालत में शिकायत कर सकेगा, अभी तक शिकायत वहीं की जा सकती थी, जहां से सामान खरीदा गया हो। नया कानून 1986 के उपभोक्ता कानून का स्थान लेगा।

**= लेखक एडवोकेट बी. आर. अहिरवार (विधिक सलाहकार नर्मदापुरम) 9827737665***

## सांस्कृतिक पुनर्जागरण : पांढुर्णा के जामसांवली में आकार ले रहा भक्ति और शक्ति का अद्भुत संगम

**पांढुर्णा ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश आज धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण के स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। राज्य सरकार तीर्थों, परंपराओं और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण को राष्ट्र निर्माण का आधार मानते हुए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में उपजी सांस्कृतिक चेतना का मध्यप्रदेश जीवंत साक्षी बन रहा है। इसी कड़ी में प्रभु श्रीराम के प्राकट्य पर्व की मंगल बेला पर पांढुर्णा के जामसांवली में रघुकुलनंदन के परम भक्त हनुमान जी के दिव्यधाम श्री हनुमान लोक के पहले चरण का लोकार्पण किया गया है। मुख्यमंत्री का मानना है कि यह लोक सुशासन और जनकल्याण के माध्यम से प्रदेश में रामराज की संकल्पना को सिद्ध करेगा।

### : सेवा और समर्पण का प्रतीक बनेगा जामसांवली ::

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के अनुसार, पवन पुत्र हनुमान लोक मंगल, विनम्रता और सेवा भाव के प्रतीक हैं। हनुमान जी ने सिखाया कि सच्चा बल वही है जो अहंकार मुक्त होकर सेवा में लगे। जामसांवली का श्री हनुमान लोक इन्हीं मानवीय मूल्यों और एकाग्रता के विचारों को जीवंत करेगा। प्रथम चरण के अंतर्गत भव्य मुख्य प्रवेश द्वार, प्लाजा और मंदिर परिसर तक चिरंजीवी पथ का निर्माण पूर्ण हो चुका है, जहाँ हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों की मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं।

== दूसरे चरण में खर्च होंगे 65 करोड़, विकसित होंगी ये सुविधाएं ==



मुख्यमंत्री की पहल पर जल्द ही 65 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से दूसरे चरण के निर्माण कार्य पूरे किए जाएंगे। इसके अंतर्गत श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष निर्माण होंगे-

- भक्ति सागर एवं प्रवचन हॉल = आध्यात्मिक चर्चा और सत्संग के लिए विशाल स्थान।
- संस्कृत महाविद्यालय एवं यज्ञशाला = प्राचीन विद्या और संस्कारों के संरक्षण का केंद्र।
- भोजशाला और धर्मशाला = दूर-दराज से आने वाले भक्तों के लिए भोजन और विश्राम की व्यवस्था।
- पार्किंग एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं = सुगम दर्शन के लिए आधुनिक प्रबंध।

== धार्मिक टूरिज्म से बदलेगी जिले की तस्वीर ==

पांढुर्णा अब तक केवल संतरा उत्पादन केंद्र के रूप में पहचाना जाता था, लेकिन श्री हनुमान लोक के निर्माण से यह प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक मानचित्र पर मजबूती से उभरेगा। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से स्थानीय व्यापार, रोजगार और पर्यटन को भारी बढ़ावा मिलेगा, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी।

== प्रदेशभर में बन रहे आस्था के लोक ==

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लोक निर्माण की एक नई क्रांति देख रहा है। श्री महाकाल लोक की सफलता के बाद अब राज्य के अन्य प्रमुख केंद्रों का कायाकल्प हो रहा है- - महेश्वर में अहिल्या लोक और मंदसौर में पशुपतिनाथ लोक। - दतिया में पीतांबरा माई महालोक और सलकनपुर में देवी महालोक। - जानापाव में परशुराम लोक, पन्ना में जुगल किशोर लोक, आगर में बाबा बैजनाथ लोक और अमरकंटक में माँ नर्मदा महालोक।

## शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव के साथ नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत

**जबलपुर।**

दिनांक 1 अप्रैल 2026 को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत स्कूल चलें अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम से हुई।

विद्यालय प्राचार्य श्रीमती रुक्मणी कनौजिया की अध्यक्षता एवं बीएसी अजय रजक के विशिष्ट आतिथ्य में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती पूजन, वंदना, दीप प्रज्वलन के साथ हुई. प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर,माला पहनाकर,आरती उतारकर किया गया. कार्यक्रम में सभी छात्राओं को पुस्तकों के सेट बनाकर वितरित किए गए.विद्यालय प्राचार्य श्री रुक्मणी कनौजिया ने प्रति दिवस छात्राओं की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, कक्षा में नामांकन बढ़ाने, शाला त्यागी अप्रवेशी बच्चों शाला में



प्रवेश दिलाने के लिये छात्रों- अभिभावकों से संपर्क करने शिक्षकों को निर्देशित किया। उन्होंने अच्छी उपस्थिति वाली छात्राओं को सम्मानित करने प्रेरित किया । सभी शिक्षक प्रयास करें कि विद्यालय में पिछले वर्ष से नामांकन बढ़े.

प्राचार्य श्रीमती कनौजिया ने कहा कि सभी शिक्षक पाठ्यक्रम अनुसार योजनाबद्ध डेली डायरी अनिवार्य रूप से बनावे, अध्यापन के दौरान डेली डायरी शिक्षक के पास हो। साथ ही कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी का पोर्टफोलियो रिकार्ड सभी शिक्षकों के पास हो, इसमें बच्चेवार अकादमिक जानकारी,स्तर, ग्रेड, पिछली कक्षा का अध्यापन स्तर के साथ छात्रों की समग्र आईडी, आधार कार्ड, अपारआईडी, छात्रवृत्ति, मैपिंग, अभिभावकों से संपर्क संबंधित अन्य जानकारियां भी हो। उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कक्षा में समय सारणी अनिवार्य रूप से बनी हो, प्रत्येक कालखंड में विषय अनुसार पढ़ाई अनिवार्य रूप से हो. कार्यक्रम में मंजूषा मैराल, शमिता जग्गी,सीके मेहरा, आदित्य

## अवैध तरीके से कर्ज देने वाले व्यक्ति को हो सकती है जेल जानिए

### कर्जदारों को परेशान करने वाले कर्जदाताओं को 10 साल तक कैद

इलाहाबाद हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट का तगड़ा एक्शन अवैध तरीके से कर्ज देने वाले संस्थानों पर लगाम कसने के लिए लाए जा रहे नए विधेयक के मसौदे के अनुसार, रिश्तेदारों के कर्ज को छोड़कर अन्य किसी भी गैर विनियमित ऋण गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने और उधारकर्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए व्यापक तंत्र बनाने के लिए कानून लाने का भी प्रस्ताव है। अगर कोई भी ऋणदाता इस कानून का उल्लंघन करते हुए कर्ज देता है तो उसे कम से कम दो साल की कैद की सजा होगी। इसे सात साल तक बढ़ाया जा सकता है। साथ ही दो लाख से एक करोड़ का जुर्माना होगा।


प्रस्तावित विधेयक में कर्जदारों को परेशान करने या कर्ज वसूली के लिए गैरकानूनी तरीकों का इस्तेमाल करने वाले कर्जदाताओं को तीन से लेकर 10 साल तक की कैद और जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। अगर ऋणदाता, उधारकर्ता या संपत्ति कई राज्यों या केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित है या कुल राशि सार्वजनिक हित को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करने के लिए बड़ी है तो जांच सीबीआई को सौंप दी जाएगी।

# ड्राइवर आयोग और सुरक्षा की मांग: ऑल ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।**

ऑल ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रदेश के चालकों के हितों और उनके भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिनेश परिहार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम एक विस्तृत मांग पत्र सौंपा गया, जिसमें चालकों की सुरक्षा और पुनर्वास के लिए %ड्राइवर आयोग% के गठन पर विशेष जोर दिया गया है। ड्राइवर आयोग और सुरक्षा पर जोर प्रदेश अध्यक्ष दिनेश परिहार ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चालकों को शासन द्वारा सुनिश्चित लाभ मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि चालकों के लिए एक समर्पित आयोग का गठन होना चाहिए, जो उनकी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। साथ ही, ड्यूटी के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर उनके पुनर्वास की व्यवस्था भी सरकार को करनी चाहिए।





ALL DRIVER WELFARE ASSOCIATION

प्रमुख मांगें एवं 29 सूत्री ज्ञापन

संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगों को रेखांकित किया गया है: ड्राइवर आयोग का गठन- राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर चालकों की समस्याओं के समाधान हेतु। राष्ट्रीय चालक दिवस- 1 सितंबर को आधिकारिक तौर पर %चालक दिवस% घोषित करना।

आर्थिक सुरक्षा- दुर्घटना की स्थिति में 10 से 20 लाख रुपये तक का मुआवजा और 60 वर्ष के बाद पेंशन की सुविधा।

* कानूनी राहत- सड़क दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंस को ही जमानत का आधार मानने की मांग।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम और ज्ञापन सौंपने के दौरान संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से:

* श्री प्रिंस यादव (प्रदेश उपाध्यक्ष)

* श्री रंजीत यादव (प्रदेश प्रवक्ता)

* श्री हुकम सिंह जी (वरिष्ठ पदाधिकारी)

* श्री इरफान पठान (जिला अध्यक्ष, आगर मालवा)

निष्कर्ष- एसोसिएशन का कहना है कि यदि सरकार इन मांगों पर विचार करती है, तो इससे न केवल चालकों का कल्याण होगा, बल्कि सड़क परिवहन व्यवस्था भी अधिक सुरक्षित और संगठित हो सकेगी। चालकों ने उम्मीद जताई है कि मुख्यमंत्री जल्द ही उनके प्रतिनिधिमंडल से मिलकर इन विषयों पर ठोस निर्णय लेंगे।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी हर्रई ने किया विरोध प्रदर्शन, शराब दुकान को शहर से बाहर करने की रखी मांग

**शराब दुकान नगर से बाहर नहीं होने पर होगा उग्र प्रदर्शन**






भाजपा शासित केंद्र एवं राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में आदरणीय श्री धीरन शाह जी विधायक प्रत्याशी अमरवाड़ा की उपस्थित में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हर्रई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया, रसोई गैस सिलेंडर संकट से आम जनता को हो रही परेशानी, पेट्रोल डीजल के बढ़ते दाम एवं पेट्रोल डीजल की आपूर्ति, और बिजली बिलों में बढ़ोतरी मनरेगा में अविलंब मजदूरी भुगतान एवं हर्रई नगर से शराब दुकान बाहर करने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हर्रई के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया, इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस के ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामजी उईके, किसान मोर्चा अध्यक्ष धरम लाल यादव, आदिवासी मोर्चा अध्यक्ष नत्थू लाल उइके, युवा अध्यक्ष रामजी इनवाती, ब्लाक सचिव अक्षय उईके , क्षेत्रीय अध्यक्ष तुलसी राम उईके, नारायण इनवाती रामकुमार सरयाम कलसराम धुर्वे जलमान धुर्वे सूचना प्रभारी सेवसी सरयाम मनीराम सिरसाम प्रकाश यादव गणेश उईके राजकुमार मरावी मनोज परतेती लखन भलावी निलेश उईके घनश्याम इनवाती संदीप कहार सुभाष योगेश अजय सत्यम लक्ष्मण पवन करण शिवकुमार मनीराम आनंद वीरेंद्र संजय शांतकुमार युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. ने भोपाल में ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. संजीव झा, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भोपाल जिले के ईवीएम गोडाउन के त्रिमाहिक निरीक्षण में उपस्थित रहे। सीईओ म.प्र.एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भोपाल जिले में स्थित ईवीएम एवं वीवीपेट वेयर हाउस में मशीनों के सुरक्षित संधारण एवं सुरक्षा के संबंध में वेयर हाउस का ताला खोलकर निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने के लिए निर्देशित किया। ईवीएम वेयरहाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष वेयर हाउस का निरीक्षण एवं सत्यापन किया। ईवीएम गोडाउन का निरीक्षण एक अनिवार्य त्रैमासिक प्रक्रिया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की जाती है। इस दौरान स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, डबल लॉक सिस्टम और मशीनों की भौतिक स्थिति की जांच की जाती है, जिसका मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गोदाम में सीसीटीवी कैमरों से 24×7 निगरानी, गार्डों की तैनाती और अग्निशमन उपकरणों की जांच एवं समय पर वीडियोग्राफी के बीच गोदाम का सील खोला जाता है और आंतरिक स्थिति का अवलोकन किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार ईवीएम और वीवीपैट का भंडारण सुनिश्चित किया जाता है।

# कलेक्टर ने जेपी अस्पताल, नवीन एसडीएम कार्यालय एवं ग्राम मुगलिया छाप का निरीक्षण किया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बुधवार को जेपी अस्पताल भोपाल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा सभी मरीजों को आवश्यक सुविधाएं एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन एवं सीएमएचओ भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात हुजूर के नवीन एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए एसडीएम हुजूर को नवीन कार्यालय में जल्द से जल्द स्थानांतरण सुनिश्चित करने के लिए कहा।कलेक्टर ने जनपद पंचायत फंदा अंतर्गत ग्राम मुगलिया छाप का भी निरीक्षण किया। यहां उन्होंने लगभग 1.35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित दुकानों, सीसी रोड, नाली तथा शांतिधाम उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का अवलोकन किया। कलेक्टर ने कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित टीम के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्रों की आधारभूत संरचना को मजबूत करते हैं और स्थानीय नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया एवं जनपद पंचायत फंदा की सीईओ शिवानी मिश्रा उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।



# नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह की द्वेष भावना,राजीव भवन न देने बोला झूठ, कांग्रेस हुई आक्रामक, सौंपा ज्ञापन

**कैलाश कुमार अहिरवार - सह संपादक (युवा प्रदेश)**

अनूपपुर (मध्य प्रदेश) जिले की नगर परिषद बनगवा में एक बार फिर राजनीतिक पारा चढ़ गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी राजनगर के अध्यक्ष राहुल सिंह परिहार ने नगर परिषद के अध्यक्ष पर सत्ता के दबाव में आकर भेदभावपूर्ण कार्य करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी (ष्टरूह्र) को एक तीखा शिकायत पत्र सौंपा गया है।

क्या है पूरा मामला?

शिकायत के अनुसार, कांग्रेस पार्टी ने 29 मार्च 2026 को अपनी एक महत्वपूर्ण बैठक के लिए सार्वजनिक संपत्ति %राजीव भवन (राजनगर) की मांग की थी। कांग्रेस का आरोप है कि नगर परिषद अध्यक्ष श्री यशवंत सिंह ने यह कहकर भवन देने से इनकार कर दिया कि ÷भवन में सामान रखा हुआ है और वह खाली नहीं है।÷ कांग्रेस नेताओं का दावा है कि भवन पूरी तरह खाली था और उपाध्यक्ष श्री धनंजय सिंह ने पहले इसकी सहमति भी दे दी थी, लेकिन अंतिम समय पर अध्यक्ष ने जानबूझकर बैठक रुकवा दी।

÷एक के लिए बंद, दूसरे के लिए खुला

विवाद तब और गहरा गया जब ठीक दो दिन बाद, 31 मार्च 2026 को उसी राजीव




भवन में भाजपा (क्च्छ्वक्क) की बैठक आयोजित की गई। राहुल सिंह परिहार ने इसे सीधे तौर पर पक्षपातपूर्ण और भेदभावपूर्ण कार्रवाई बताया है। उनका कहना है कि सार्वजनिक संपत्ति पर सबका समान अधिकार है, लेकिन नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा जनप्रतिनिधि होते हुए भी एक पार्टी विशेष के एजेंट के रूप में काम कर रहा है।

**कांग्रेस पार्टी ने ज्ञापन के माध्यम से रखी प्रमुख मांगें:** कांग्रेस कमेटी ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से इस मामले में निम्नलिखित मांगें की हैं-

अध्यक्ष की भूमिका की निष्पक्ष जांच की जाए।

??सार्वजनिक संपत्तियों के दुरुपयोग और भेदभाव पर तुरंत रोक लगाई जाए।

??भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़े निर्देश जारी हों।

??शिकायत पत्र के साथ कांग्रेस ने प्रमाण के तौर पर 29 मार्च को खाली पड़े भवन और 31 मार्च को वहां चल रही भाजपा



की बैठक की तस्वीरें भी संलग्न की हैं।

**नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा सदैव हुई है भेदभाव की राजनीति**

नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह द्वारा भेदभाव की राजनीति सदैव की जाती है । स्थानीय युवकों के रोजगार का मामला हो या प्रमुखता देने की बात हो हमेशा भेद भाव किया जाता है । इनकी इसी भेदभाव की राजनीति की वजह से बनगवां आज भी विकाश की गति में पिछड़ा हुआ है ।4 साल बीत जाने के बावजूद आजतक बनगवां में विकास कार्य दूर दूर तक नजर नहीं आता है जबकि कई करोड़ रुपए विकास के नाम पर लूटा दिए गए। पर इस फण्ड का कहा इस्तेमाल हुआ कहीं नजर नहीं आता है जबकि खुद को विकास पुरूष कहलवाने के लिए लाखों खर्च कर दिया गया है ।

इस आक्रामक आंदोलन में इनकी रही सहभागिता

राहुल सिंह परिहार (ब्लॉक अध्यक्ष) हरिशंकर दुबे (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष) जगदीश पटेल (पूर्व महामंत्री) निर्भय राव (मंडलम अध्यक्ष) अशोक जेठानी (पूर्व संगठन मंत्री) राजेश श्रीवास्तव(पूर्व मंडलम अध्यक्ष) मुकेश राजभर (नगर अध्यक्ष) अजय सिंह (नगर अध्यक्ष पौराधार) गोविंद प्रजापति (नगर अध्यक्ष डोला) पवन सिंह (पार्षद) सिरवन सिंह (पार्षद) संतोष सिंह (पार्षद) विकास श्रीवास्तव, इमरान अंसारी (ब्लॉक अध्यक्ष सेवादल) राहुल जायसवाल(राजनगर युवा उपाध्यक्ष),मनोहर जायसवाल(सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष), इमरान खान,आलोक सिंह, सद्दाम,सुबोध,गोपाल चौहान, अरविंद राजभर,संदीप दीवान, जयप्रकाश पांडे, बाबा भैया, तुलाराम चौधरी,भागीरथी, नागेन्द्र तिवारी,आदि सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

प्रशासन की निष्पक्षता पर अब सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। क्या सरकारी संपत्तियां अब किसी एक विचारधारा की जागीर बन गई हैं? - कांग्रेस कार्यकर्ताओं का साझा सवाल।

# जनगणना 2027 अंतर्गत फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम बैच का प्रशिक्षण संपन्न



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

भोपाल जिला अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के फील्ड ट्रेनर्स का प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय मॉडल उच्तर माध्यमिक विद्यालय टीटी नगर भोपाल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस सभी मास्टर ट्रेनर्स को प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में फील्ड में विजिट कराई गई। जिसमें प्रगणक के रूप में घर-घर जाकर आंकड़े एकत्रित किए गए एवं आने वाली समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई की गई। समापन अवसर पर अपर कलेक्टर भोपाल सुमित कुमार पांडे एवं जिला जनगणना अधिकारी भवन गुप्ता ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया एवं जनगणना 2017 में सुपरवाइजर एवं प्रगणकों के आयोजित होने वाले प्रशिक्षण को निर्देशानुसार संपन्न करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर एवं जनगणना निदेशालय से जिला प्रभारी मनोज सैनी एवं राकेश सैनी उपस्थित रहे।

# 'नहीं दूंगा, जो करना है कर लो', सिलेंडर मांगने पर एजेंसी मैनेजर ने युवक के साथ की हाथापाई, दर्ज हुई शिकायत

**राजू राय - शहडोल**

शहडोल (मध्य प्रदेश)- प्रदेश में एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत और डिलीवरी में हो रही देरी अब विवादों का कारण बनने लगी है। ताजा मामला शहडोल जिले के जयसिंहनगर का है, जहां एक एचपी गैस एजेंसी (अमझोर) पर सिलेंडर की जानकारी लेने पहुंचे युवक के साथ मैनेजर द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है।





पीड़ित युवक अभिजीत कुमार यादव जब अपनी बुकिंग के बावजूद सिलेंडर न मिलने की शिकायत लेकर एजेंसी पहुंचे, तो वहां हंगामा खड़ा हो गया। युवक का आरोप है कि उसे सिलेंडर डिलीवर होने का मैसेज तो मिल गया था, लेकिन असल में गैस नहीं दी गई थी। जब उसने इस पूरी प्रक्रिया का वीडियो बनाना शुरू किया, तो मैनेजर अपना आपा खो बैठा। वीडियो में मैनेजर को साफ तौर पर यह कहते सुना जा सकता है कि, %तू वीडियो बना, तुझे जहां भेजना है भेज दे, मैं तुझे गैस नहीं दूंगा। मैनेजर ने युवक को धमकी देते हुए वीडियो रिकॉर्डिंग बंद करने की कोशिश की। पीड़ित ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत अभिजीत यादव के अनुसार, जब उन्होंने सिलेंडर मिलने का समय पूछा, तो मैनेजर ने न केवल बदतमीजी की बल्कि कैमरा नीचे करने का दबाव बनाते हुए मोबाइल छीनने और हाथापाई करने लगे. पीड़ित युवक ने इस घटना की लिखित शिकायत जयसिंहनगर थाने में दर्ज कराई है। युवक ने घटना का वीडियो साक्ष्य के रूप में पुलिस को सौंप दिया है।

घटना ने गैस वितरण प्रणाली पर उठाए सवाल

मध्य प्रदेश के कई हिस्सों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जहां समय पर डिलीवरी न होने के कारण एजेंसियों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो रही है। इस घटना ने एक बार फिर गैस वितरण प्रणाली और एजेंसी प्रबंधकों के व्यवहार पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# भोपाल के मॉडल उचतर माध्यमिक विद्यालय टी.टी. नगर में राय स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश




प्रदेश में 1 से 4 अप्रैल तक स्कूल चले हम अभियान चलेगा और बचों को स्कूलों में प्रवेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शासकीय स्कूलों में ड्रॉप आउट की संख्या शून्य करने पर स्कूल शिक्षा विभाग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शासकीय स्कूलों में कक्षा 1, 6 और 9 में प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिससे वर्ष 2025-26 में कुल नामांकन में 19.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में भी 32.4 प्रतिशत की प्रगति दर्ज की गई है। यह शासकीय स्कूलों पर बढ़ते विश्वास का परिचायक है। राय सरकार ने मौजूदा सत्र में स्कूलों में 1 करोड़ 45 लाख नामांकन करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 369 भव्य सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है, जो देश में सबसे अछे स्कूल हैं। मध्यप्रदेश के सांदीपनि विद्यालयों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमश्री स्कूल भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में महती भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मॉडल उचतर माध्यमिक विद्यालय भोपाल में राय स्तरीय प्रवशोत्सव कार्यक्रम-2026 के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रवलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर बचों को निःशुल्क साइकिलें और पाठ्य पुस्तकें वितरित कीं एवं उन्हें उवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री के आगमन पर विद्यार्थियों ने साइकिल की घंटियां बजाकर और स्काउट गाइड दल ने वाद्य यंत्रों पर सुमधुर धुनों के साथ उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में शामिल विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल टिंकरिंग लैब, रोबोटिक लैब, व्यावसायिक शिक्षा और आईसीटी लैब के स्टॉल का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्कूल चले हम अभियान पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ निःशुल्क साइकिल प्राप्त करने वाले स्कूली बचों का ग्रुप फोटो भी लिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अभिवादन किया। स्कूल चले हम अभियान बचों को शिक्षा से जोड़ने का एक अभिनव प्रयास है। प्रदेश के सभी 55 जिलों के प्रत्येक गांव का एक-एक बचा स्कूल में प्रवेश ले रहा है। स्कूल शिक्षा विभाग ने यह सुनिश्चित किया है कि कोई भी बचा शिक्षा से वंचित न रहे। प्रदेश में बड़े पैमाने पर शासकीय स्कूलों के प्रति अभिभावकों और बचों का आकर्षण बढ़ा है। इनमें ड्रॉप आउट खत्म करने के लिए शिक्षकों के साथ समाज के हर वर्ग ने संकल्प के साथ मेहनत की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बचों को स्कूल आने-जाने के लिए निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई हैं। आगामी 3 से 4 महीने तक शासकीय स्कूलों के 4 लाख बचों को साइकिलें मिलेंगी। विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क गणवेश, किताबें और भोजन की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत 49 किताबें हिंदी और स्थानीय भाषा में तैयार कर जनजातीय क्षेत्रों में विद्यार्थियों को वितरित की जा रही हैं। प्रदेश में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 95 हजार क्षमता वाले 1913 छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। अनुसूचित जनजातीय कार्य विभाग के 25 हजार 439 विद्यालयों में आज 20 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

## रिश्वतखोर एएसआई लोकायुक्त के शिकंजे में, केस में जमानत दिलाने की मदद के नाम पर मांगे थे दो हजार

कुमार अनूप गुप्ता/ ब्यूरो चीफ

**शहडोल।** लोकायुक्त ने शहडोल के जयसिंहनगर थाने में पदस्थ एएसआई को रिश्वत मामले में पकड़ा। आरोप है कि वह आरोपियों से प्रति व्यक्ति रकम मांग रहा था। पूर्व में रिश्वत लेने के साक्ष्यों पर कार्रवाई कर भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत केस दर्ज हुआ।रीवा लोकायुक्त की टीम ने शहडोल जिले के जयसिंहनगर थाने में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) एहसान खान के खिलाफ रिश्वत मामले में बड़ी कार्रवाई की है। लोकायुक्त टीम ने एएसआई को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। चक्काजाम के मामले में आरोपियों से प्रति व्यक्ति दो हजार रिश्वत मांगने का आरोप है। पहले दो हजार सहायक उप निरीक्षक शिकायतकर्ता से ले चुका है। गुरुवार को एएसआई को थाने से लोकायुक्त टीम ने पकड़ा और रेस्ट हाउस ले जाकर कार्रवाई की।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता हरी दीन साहू निवासी ग्राम गंधियां, थाना जयसिंहनगर ने 30 मार्च 2026 को लोकायुक्त कार्यालय रीवा में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि उसके भाई श्रवण कुमार साहू की सड़क दुर्घटना में बीते महीने मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने जयसिंहनगर चौराहे पर चक्काजाम किया था, जिसके बाद पुलिस ने लगभग 18 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। इस मामले की जांच एएसआई एहसान खान कर रहे थे



शिकायतकर्ता के अनुसार एएसआई ने मामले में राहत देने और जमानत में मदद करने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 2500 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत की सत्यापन कार्रवाई के दौरान यह पाया गया कि आरोपी एएसआई ने शिकायतकर्ता से 2000 रुपये रिश्वत पहले ही ले लिए थे और अन्य लोगों से भी रिश्वत की मांग कर रहा था। शिकायतकर्ता ने रिश्वत लेने की वॉइस रिकॉर्डिंग सहित साक्ष्य लोकायुक्त टीम को उपलब्ध कराए थे।

लोकायुक्त टीम गुरुवार को एएसआई को ट्रैप करने जयसिंहनगर पहुंची थी, लेकिन एएसआई को भनक लग गई और उसने मौके पर पैसे नहीं लिए। हालांकि पूर्व में रिश्वत लेने के साक्ष्यों के आधार पर लोकायुक्त टीम ने एएसआई एहसान खान को थाने से हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सत्यापन के बाद आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन 2018) की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की विवेचना जारी है। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है।

## श्री हनुमान जन्मोत्सवपर विशाल शोभायात्रा निकाली



**जबलपुर।**

जबलपुर श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति सरस्वती कॉलोनी के तत्वावधान में पवनसुत हनुमान जी के जन्मोत्सव पर विविध कार्यक्रम का आज प्रातः बेला में आज विशाल संकीर्तन शोभायात्रा पं.वासुदेव शास्त्री,संकीर्तनाचार्य पं.मनमोहन दुबे,संतोष अग्रहरि, पं.देवेंद्र त्रिपाठी के सान्निध्य में शुभारम्भ हुआ। जिसमें विशाल ध्वज पताकाओं एवं फूलों की वर्षा के साथ नृत्य,गाजे बाजे शंख,घंटा, मृदंग की मनोहारी गूँज़ करते हुये संस्कारधानी के अनेक संकीर्तन मंडलों की सहभागिता से श्री हनुमान सीताराम,राधे राधे की अखण्ड धुन, राम नाम सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुये निकाली गई।समिति के अध्यक्ष देवेंद्र नेमा के मार्गदर्शन में समिति के सभी श्रद्धालु भक्तजनों ने सम्पूर्ण शोभायात्रा का श्रद्धा,समर्पण भाव के साथ भव्यता प्रदान की।एक से बढ़कर एक सुमधुर संकीर्तन पर गुंजायमान मंदिर प्रांगण में भाव विभोर होकर भक्तजन थिरक उठे।समापन पर पुष्प वर्षा कर महाआरती हुई। दोपहर 12 बजे प्रभु हनुमंत लला का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर पं.वीरेंद्र दुबे,रघुराज सिंह ठाकुर,राजेश शर्मा,राजेंद्र तिवारी,सुनील ताम्रकार,नवीन नेमा,देवव्रत सोनी,प्रशांत गुप्ता,सत्य प्रकाश नामदेव,अरविंद गुप्ता,अंकित बहरे,पं.अरविंद तिवारी,राकेश बादल,अमित गुप्ता,नरेंद्र साहू,भरत कोष्टा,पवन साहू,नितिन दुबे,प्रवीण नेमा,आशीष नेमा,सुरेंद्र गिरी,के एल दीक्षित,मुन्ना पांडे,अरविंद शर्मा,संदीप नेमा,अमित विश्नोई सहित प्रतिभा भापकर,प्रीति गुप्ता,कीर्ति चौहान,प्रीति गुप्ता,कल्पना सुहाने,संगीता ब्यौहार,श्वेता गुप्ता,पूजा शर्मा,आदि सैकड़ों मातृ शक्ति,भक्त गण उपस्थित रहे।अंत में देवेंद्र नेमा ने सभी जनों का आभार व्यक्त किया।

# हनुमानजी का असली नाम हनुमान नहीं था,तो क्या था? आइये जानते हैं इसके पीछे की रोचक कथा



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्यप्रदेश**

क्या आप जानते हैं भगवान् राम के परम भक्त हनुमान जी का असली नाम हनुमान जी नहीं था। माता अंजनि ने उनका नाम सुंदर रखा था क्योंकि वे शिवजी की तपस्या के सबसे सुंदर फल थे।यही वजह है की रामचरित मानस में हनुमान के चरित का वर्णन करने वाला काण्ड सुन्दरकाण्ड कहलाता है। हनुमान नाम तो एक चोट की निशानी है । संस्कृत में जबड़े की हड्डी को हनु कहते हैं मतलब उभरा हुआ। एक बार बचपन में जब बाल हनुमान ने उगते लाल सूर्य को एक स्वादिष्ट फल समझकर आकाश में ऊँची छलांग लगाई और से निगलना चाहा जिससे संसार में अंधकार छा गया। तब इंद्रदेव ने क्रोधित होकर उनके जबड़े पर वज्र प्रहार किया। जिससे उनका हनु यानी जबड़ा सूज गया और उनका नाम पड़ा हनुमान लेकिन कथा यहीं खत्म नहीं होती। देवताओं ने उन्हें हर अस्त्र शस्त्र से अजेय बना दिया । तभी से वे बने बजरंग बली कपिश्वर, मारुतिनंदन, जितेंद्रियम, बुद्धिमतां वरिष्ठम, जैसे अनेक नामों से उन्हें बुलाया गया पर बालक हनुमान का प्रथम नाम सुंदर था भक्ति और शक्ति का सबसे सुंदर संगम ।

# डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा में आई दरारें को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन

**कैलाश कुमार अहिरवार**
**- सह संपादक (युवा प्रदेश)**





सतना जिले के सेमरिया चौराहा पर स्थित विगत कई वर्षो से भारतीय संविधान निर्माता, नारी मुक्तिदाता, सिंबल ऑफ नालेज परम पूज्य बोधिसत्व डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर दरारें आ गई उसकी तरफ किसी भी प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधियों की नजर नहीं जा रही है क्या बाबा साहब की प्रतिमा पर हर वर्ष 14 अप्रैल को माल्यार्पण करते है लेकिन ध्यान कोई नहीं दे रहा है क्या जान बुझ कर बाबा साहब का अपमान किया जा रहा आखिर कब तक ,बाबा साहब वोट लेने के समय बस याद आते है क्योंकि कई बार जिला प्रशासन,महापौर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन आज दिनांक तक कोई भी कार्य शुरु नहीं हुआ जिससे आम नागरिको में आक्रोश बढ़ता जा रहा है इस विषय पर आज दिनांक 01 अप्रैल 2026 को भीम आर्मी संभाग संयोजक विजय वर्मा जी ने अपनी निम्न मागें 1)- बाबा साहब की प्रतिमा पूरी तरह से खंडित है क्योकिं प्रतिमा में बड़ी बड़ी दरारे आ चुकि है प्रतिमा को बदला जाये वा उसकी मरम्मत कराई जाये। 2)- बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिये सीढी लगवाई जाये 3)- बाबा साहब की प्रतिमा के पास लाइट, कैमरा एवं वावा साहब की प्रतिमा की साफ सफाई समय-समय पर करवाया जाये। दिनांक 12 अप्रैल 2026 के पहले यदि हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 13 अप्रैल 2026 को बाबा साहब प्रतिमा के पास धरने में सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी बैठेंगे जिसमें समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से आग्रह है कि बाबा साहब की प्रतिमा जल्द से जल्द ठीक करवाई जाए या उसी स्थान पर दूसरी प्रतिमा उतनी ही आकर की स्थापित हो नहीं तो उग्र आंदोलन के लिए सभी अम्बेडकर अनुवाई आंदोलन के लिए सड़कों में उतरेंगे

# जिले के स्कूलों में 9434 बच्चों ने किया प्रवेश

## स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव का विदिशा में भव्य शुभारंभ

**विदिशा।**

विदिशा जिले में स्कूल चलें हम अभियान प्रवेशोत्सव का विदिशा के सांदीपनि विद्यालय बरईपुरा में भव्य शुभारंभ हुआ। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों को फूल-माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पुस्तकें प्रदाय कर सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ स्कूल में प्रवेश कराया गया है। नव प्रवेशी बच्चों के इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी, विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा, कलेक्टर श्री अंशुल गुप्ता, जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बच्चों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान भोपाल से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के लाइव उद्बोधन का प्रसारण भी किया गया। जिसे उपस्थित सभी के द्वारा देखा, सुना गया है। स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम एक अप्रैल से चार अप्रैल तक आयोजित किया गया है।

डीपीसी श्री आरपी लखेर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही संपूर्ण विदिशा जिले के स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ



है जिसमें कुल 9434 बच्चों को कक्षा पहली में प्रवेश कराया गया है।

सांदीपनी विद्यालय बरईपुरा में आयोजित कार्यक्रम में विदिशा विधायक श्री मुकेश टंडन ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश सरकार के लगातार प्रयास है कि बच्चे बेहतर शिक्षा के साथ आगे बढ़ें। शासकीय विद्यालयों में बेहतर और आधुनिक सुविधाओं के साथ शैक्षणिक व्यवस्थाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में संदीपनी विद्यालय प्रारंभ किए गए हैं जो एक सराहनीय पहल है बच्चे इन विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसके आगे उन्होंने कहा कि जिस देश के बच्चे शिक्षित होते हैं उस देश को ताकतवर बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज गरीब और मजदूरों के बच्चे आधुनिक सुविधाओं के साथ शिक्षित हो रहे हैं। आंगनवाड़ी, स्कूल, मध्यान भोजन, मेधावी विद्यार्थी योजना, छात्रवृत्ति योजनाओं सहित अनेक को योजनाएं शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही हैं जिनका लाभ लेकर बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, वैज्ञानिक सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं और मध्य प्रदेश के बच्चे आज देश-दुनिया में नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी बच्चे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें। अभिभावकों से भी उन्होंने अपील की है कि वह अपने बच्चों को पढ़ाने में कोई कौर कसर छोड़ें उन्हें नियमित स्कूल भेजें।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्कूल चले हम अभियान में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम एक पल नहीं बल्कि हर बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने का आंदोलन है शिक्षा हमारे जीवन की एक बड़ी पूंजी है शिक्षित बच्चा अपने परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज व राष्ट्र का भविष्य संवरता है इसलिए हमारे संकल्प है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे और इसी दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश सरकार कार्य कर रही है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा ग्रहण अवश्य करें नियमित स्कूल जाएं और अपना भविष्य बनाएं। उन्होंने कहा कि आज शुभ तिथि है नन्हे-मुन्ने बच्चों का प्रवेशोत्सव हम मना रहे हैं। शिक्षा किताबी ज्ञान नहीं बल्कि बच्चों के जीवन को प्रकाश का ज्ञान देता है। कोई भी बच्चा शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित न रहे इसलिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं। बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए सांदीपनि विद्यालय जैसे स्कूल प्रारंभ किए गए हैं जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ बच्चों को शिक्षा प्राप्त हो रही है और वह अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।

# तपती गर्मी में लिया सेवा का संकल्प राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ ने शुरू की शीतल जल सेवा

**कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ**




**मनेन्द्रगढ़।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से राजस्थान भवन मनेन्द्रगढ़ ने सेवा का एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए शीतल जल सेवा का शुभारम्भ किया। भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस जनहितकारी पहल की शुरुआत समाजसेवी दीनदयाल पंसारी द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री हनुमान जी के पूजन एवं मंगलाचरण के साथ हुई जिसके बाद उपस्थित अतिथियों ने सेवा कार्य के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि गर्मी के इस कठिन दौर में राहगीरों, रिक्शा चालकों, मजदूरों और आम नागरिकों के लिये ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी मानव सेवा है। यह पहल समाज में सेवा, सहयोग और संवेदना की भावना को सुदृढ़ करती है। राजस्थान भवन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह शीतल जल सेवा प्रतिदिन संचालित की जायेगी जिससे दिनभर आने-जाने वाले लोगों को राहत मिल सके। खासकर दोपहर के समय जब तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है तब यह सेवा लोगों के लिये किसी वरदान से कम नहीं होगी। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और दूसरों को भी प्रेरित करते हैं कि वे आगे बढ़कर जनसेवा में योगदान दें।

# चार काली श्रम संहिताओं के खिलाफ 1 अप्रैल 2026 को ट्रेड यूनियनों ने मनाया काला दिवस

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और स्वतंत्र फेडरेशनों और एसोसिएशनों के राष्ट्रीय मंच के आह्वान पर आज 1 अप्रैल को पूरे देश के साथ समूचे प्रदेश में भी काला दिवस मनाया गया। यह दिन केंद्र सरकार द्वारा चार काली श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन हेतु केंद्रीय नियमों की अधिसूचना के लिए पहले से घोषित तिथि है। ट्रेड यूनियनों का संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश ने एक विज्ञप्ति में बताया कि आज प्रदेश में भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर,गुना,उज्जैन, शहडोल, अनूपपुर, रीवा, सतना, सिंगरौली, सागर, रायसेन, बैतूल, छिंदवाड़ा, सौंसर, बालाघाट, डिंडोरी, कटनी, सीधी, महूगंज, नागदा, रतलाम, नीमच, खरगौन, मंदसौर, सीहोर, राजगढ़, मुरैना, श्योपुर, भिंड, दमोह, मंडला, होशंगाबाद, देवास, छतरपुर, डिंडोरी, नरसिंहपुर, विदिशा आदि जिलों में श्रमिकों ने काली पट्टी पहनकर विरोध प्रदर्शन किया। जगह जगह जुलूस व अन्य कार्रवाईयां की गई। भोपाल में इस अवसर पर हुई विरोध कार्रवाई में इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, सेवा तथा बैंक, बीमा, बीएसएनएल व केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठन शामिल हुए। अन्य शहरों में भी संयुक्त कार्यक्रम हुए। विज्ञप्ति में कहा गया है कि ट्रेड यूनियनें लगातार इन श्रम-विरोधी, नियोक्ता-समर्थक श्रम संहिताओं का विरोध करती रही हैं, जिन्हें तथाकथित 'श्रम सुधार' और 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' के नाम पर लाया गया है। 12 फरवरी की ऐतिहासिक आम हड़ताल के बाद भी केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं को वापस लेने या इस मुद्दे पर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ कोई सार्थक बैठक करने से बच रही है। इसके अलावा, इन संहिताओं के मसौदा तैयार करने के चरण से ही ट्रेड यूनियनों जैसे हितधारकों से कोई परामर्श नहीं किया गया। इतने गंभीर मुद्दे पर, जो देश के कार्यबल के जीवन से जुड़ा है, लंबे समय से भारतीय श्रम सम्मेलन भी नहीं बुलाया गया। यह अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों का उल्लंघन है, जिनके प्रति भारत एक राष्ट्र के रूप में प्रतिबद्ध है। ये श्रम संहिताएँ देश के श्रमिकों—जो संपत्ति के वास्तविक सृजनकर्ता हैं—को फिर से ब्रिटिश औपनिवेशिक काल जैसी शोषणकारी परिस्थितियों में धकेलने का प्रयास हैं। श्रमिक वर्ग ने औपनिवेशिक काल में अत्यधिक शोषण के खिलाफ और स्वतंत्र भारत में भी 8 घंटे के कार्यदिवस, कार्यस्थल सुरक्षा, यूनियन बनाने



और संगठित होने के अधिकार, सामूहिक सौदेबाजी, आंदोलन करने और हड़ताल के अधिकार के लिए संघर्ष किया है। उन्होंने सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा, ठेका श्रमिकों के नियमितीकरण, स्थायी कार्यों में ठेका प्रथा समाप्त करने, समान काम के लिए समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी और पेंशन के अधिकार के लिए भी लड़ाई लड़ी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मजदूरों के संघर्ष के चलते हमने 1926 के ट्रेड यूनियन अधिनियम के माध्यम से यूनियन बनाने के अधिकार को वैधानिक मान्यता दिलाई। ब्रिटिश काल में हमारे पूर्वजों के संघर्ष से कई श्रम कानून बने, और स्वतंत्र भारत में संसद द्वारा कुल 44 केंद्रीय श्रम कानून तथा राज्यों द्वारा लगभग 150 कानून बनाए गए, क्योंकि श्रम भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में शामिल है। ये सभी उपलब्धियाँ लगभग 150 वर्षों के संघर्ष का परिणाम हैं।

वर्तमान केंद्र सरकार इन श्रम संहिताओं के माध्यम से इन उपलब्धियों को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है। इन संहिताओं में ऐसे कठोर और दमनकारी प्रावधान हैं, जिनसे यूनियन बनाना कठिन, पंजीकरण मुश्किल और निरस्तीकरण आसान हो जाएगा। नियोक्ताओं के उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है, जबकि ट्रेड यूनियन गतिविधियों को दंडनीय बनाया जा रहा है। कार्य समय की सीमा को खुला छोड़ दिया गया है, जिससे उसे मनमाने ढंग से बढ़ाया जा सके। हड़ताल का अधिकार लगभग समाप्त कर दिया गया है। फिक्स्ड टर्म रोजगार को सामान्य बनाया जा रहा है, मौजूदा सामाजिक सुरक्षा कानूनों को कमजोर किया जा रहा है और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा के झूठे दावे के बावजूद अधिक श्रमिकों को इसके दायरे से बाहर रखा जा रहा है। सुरक्षा मानकों से समझौता किया जा रहा है और 17 क्षेत्रीय श्रम कानूनों को समाप्त कर बड़ी संख्या में श्रमिकों को व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के अधिकार से वंचित किया जा रहा है।

न्यूनतम वेतन कानूनों को कमजोर कर गरीबी रेखा से नीचे 'राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन' लागू करने की कोशिश की जा रही है। ये संहिताएँ संगठित क्षेत्र को असंगठित बनाने और असंगठित श्रमिकों को अधिकारों से वंचित करने की दिशा में हैं। इनमें कई प्रावधान भारतीय संविधान की भावना, अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों और मानवाधिकारों के विरुद्ध हैं। ऐसी स्थिति में ट्रेड यूनियनों और श्रमिक संगठनों के पास इन श्रम संहिताओं के खिलाफ संघर्ष जारी रखने और उनके क्रियान्वयन के खिलाफ प्रतिरोध खड़ा करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मोर्चा ने श्रमिकों, किसानों और अन्य नागरिकों को सलाम कर लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

# अनूपपुर जिले के अंतर्गत बेलिया बड़ी में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती, और विशाल भंडारे का आयोजन

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

**अनूपपुर/कोतमा।** चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज पूरे क्षेत्र में हनुमान जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में अनूपपुर जिले के अंतर्गत ग्राम बेलिया बड़ी स्थित हनुमान मंदिर में भी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जहां सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहा हनुमान मंदिर के पुजारी कुलदीप पांडे द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कलयुग में भगवान श्री हनुमान जी को साक्षात देव के रूप में पूजा जाता है और उनका प्रकटोत्सव चैत्र पूर्णिमा के दिन अत्यंत श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान



श्री राम के परम भक्त एवं अष्ट सिद्धि और नव निधि के दाता श्री हनुमान जी की कृपा से ही भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं।

उन्होंने आगे बताया कि विगत कई वर्षों से हनुमान जयंती के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी 2 अप्रैल 2026, गुरुवार को विधि-विधान के साथ सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।

मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने समस्त नागरिकों एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हों और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

हनुमान जयंती को लेकर पूरे गांव का माहौल भक्तिमय हो गया है, मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी है और जय श्री राम व बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। साथ ही हनुमान जयंती के अवसर पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

# 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत आयोजित हुए सांस्कृतिक, खेल एवं हार के आगे जीत कार्यक्रम

शहडोल - जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में आज ÷स्कूल चलें हम÷ अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक, खेल-कूद एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ ÷हार के आगे जीत÷ कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पालकों की सहभागिता रही, जिससे विद्यालय और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा उपस्थित पालकों को राज्य सरकार की स्कूल शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई और बच्चों की शिक्षा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान पिछले शैक्षणिक सत्र में 85 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों के पालकों को सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने पालकों के सहयोग को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। इसी क्रम में हार के



आगे जीत÷ कार्यक्रम के तहत ऐसे विद्यार्थियों को चिन्हित किया गया, जो किसी कारणवश कक्षोन्नति प्राप्त नहीं कर सके। पालकों को बच्चों की पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया और समझाया गया कि असफलता के बाद भी निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित कर नए शैक्षणिक सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने और वार्षिक कार्ययोजना पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने सभी बच्चों के विद्यालय में नामांकन हेतु विशेष प्रयास करने का संकल्प लिया।

# नीले सैलाब की तैयारी: बाबा साहेब की 135वीं जयंती हेतु केशवाही में जुटी रणनीतिक बैठक

**शहडोल (केशवाही)।** संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की आगामी 14 अप्रैल को होने वाली 135वीं जयंती को ऐतिहासिक बनाने के लिए आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और भीम आर्मी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आज जैतपुर विधानसभा के केशवाही (पशु बाजार के पास) में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

मिशन 14 अप्रैल– गांव-गांव पहुंचेगा कारवां

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष गेंद लाल साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष बाबा साहेब की जयंती केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बहुजन समाज की एकता और वैचारिक जागृति का प्रतीक होगी। बैठक में जयंती समारोह की भव्य तैयारियों, रैली के मार्ग और संगठन की मजबूती पर गहन चर्चा की गई।

इन योद्धाओं की रही गरिमामयी उपस्थिति

बैठक को सफल बनाने में क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवियों और ऊर्जावान साथियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। मुख्य रूप से उपस्थित रहे–



गेंदलाल साहू (कुम्हारी) - जिला उपाध्यक्ष

गणेश कुशवाहा (जमुनिहा), शिव कुमार (कुम्हारी) प्रहलाद (ग्राम मलपा), राजाराम (खेमरिया), सोमनाथ (महात), पारस साहू, भूपत सिंह (खवांध), मोनू चंद्रा (झींक बिजुरी), अशोक चौधरी (केशवाही), रामकुमार प्रजापति (ढोलकू), दीपु पाल, बुद्धराम पाव, छत्रपाल पाव (जोगीबांध), एकजुटता का संकल्प, सभी उपस्थित साथियों ने संकल्प लिया कि वे जैतपुर विधानसभा के प्रत्येक घर तक बाबा साहेब का संदेश पहुँचाएंगे और 14 अप्रैल के कार्यक्रम को अब तक का सबसे भव्य आयोजन बनाएंगे। बैठक के अंत में संगठन की एकता और %जय भीम-जय संविधान% के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

जय भीम! जय संविधान!

आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) एवं भीम आर्मी, जिला-शहडोल

# कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों हेतु अधिकारियों की नोडल अधिकारी/पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में लगाई ड्यूट लगाई ड्यूटी

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर

रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 15 अप्रैल 2026 से की जाएगी। गेहूं उपार्जन हेतु जिले में 06 गेहूं उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली ने इन उपार्जन केन्द्रों के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की नोडल अधिकारी/पर्यवेक्षण अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई है। उन्होंने तहसील अनूपपुर के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. पटनाकला अंतर्गत कृषि उपज मंडी अनूपपुर हेतु कृषि विस्तार अधिकारी श्री अंकित पवार को नोडल अधिकारी तथा जिला आपूर्ति अधिकारी श्रीमती अनीता सोरते को पर्यवेक्षण अधिकारी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. दुलहरा अंतर्गत मां शारदा फूड प्रोसेसिंग बी.ओ.टी. बरबसपुर हेतु कृषि विस्तार अधिकारी श्री राजेश ब्राम्हणे को नोडल अधिकारी तथा जिला प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी श्रीमती प्रियंका पडारिया को पर्यवेक्षण अधिकारी, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या.




मझगवां (फुनगा) अंतर्गत शारदा फूड प्रोसेसिंग बीओटी बी गोदाम पयारी हेतु कृषि विस्तार अधिकारी श्री महावीर सिंह मरावी को नोडल अधिकारी तथा वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक श्री अनुज ओहदार को पर्यवेक्षण अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार तहसील जैतहरी के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्या. धनगवां अंतर्गत सिंह वेयरहाऊस छातापटपर हेतु कृषि विस्तार अधिकारी श्री नरेन्द्र जमरा को नोडल अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री विनोद परस्ते को पर्यवेक्षण अधिकारी बनाया गया है।

# किशोरियों को कैंसर सुरक्षा कवच देने हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान जारी, 2651 को लगा टीका

## घर-घर संपर्क कर अभिभावकों व किशोरियों को किया जा रहा जागरूक

कुमार अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ

जिले में 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण का विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली के निर्देशन में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान की प्रभावी क्रियान्विति हेतु मैदानी अमला ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में घर-घर संपर्क कर रहा है। टीकाकरण दल द्वारा किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को टीके के महत्व एवं लाभों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। यह अभियान किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी पात्र किशोरी टीकाकरण से वंचित न रहे।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका तिवारी ने जानकारी दी कि जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पात्र किशोरियों को एचपीवी टीके लगाए जा रहे हैं। जिला चिकित्सालय अनूपपुर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फुनगा, परासी, जैतहरी, वेंकटनगर, कोठी, कोतमा, अमरकंटक, करपा, राजेन्द्रग्राम एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सकरा, राजनगर, बिजुरी, निगवानी तथा बेनीबारी में टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से जारी है। जिले में अब तक कुल 2651 किशोरियों का टीकाकरण किया जा चुका है, जिसमें पुष्पराजगढ़ में 895, अनूपपुर में 796, कोतमा में 517 तथा जैतहरी में 443 किशोरियाँ शामिल हैं।

## संसद में गूंजी 'कलम की आवाज'

# पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही पर सांसद चौधरी का सशक्त प्रहार

हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**नई दिल्ली।** संसद के लोकसभा सदन में शुक्रवार को होशंगाबाद-नरसिंहपुर क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शून्यकाल के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही से जुड़े अहम मुद्दे को मजबूती से उठाया। उन्होंने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ–पत्रकारिता–की सुरक्षा, सम्मान और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस नीति बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सांसद चौधरी ने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र की आत्मा है, जो सत्ता और जनता के बीच एक मजबूत सेतु का कार्य करती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत पत्रकार आज भी कई जोखिमों का सामना कर रहे हैं और उन्हें अपेक्षित सुरक्षा नहीं मिल पा रही है।



उन्होंने सरकार से ÷पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण नीति÷ बनाने की मांग करते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जिनमें सुरक्षा व्यवस्था, बीमा, शिक्षा सहायता, आवास सुविधा और यात्रा में रियायत शामिल हैं।

सांसद ने अपने वक्तव्य में कहा–

÷जब कलम सुरक्षित होगी, तभी सच निर्भीक होकर सामने आएगा और लोकतंत्र मजबूत होगा। इसके साथ ही उन्होंने पत्रकारिता की आड़ में हो रहे दुरुपयोग और अनैतिक गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने की भी बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईमानदार पत्रकारों की सुरक्षा जितनी जरूरी है, उतना ही जरूरी गलत प्रवृत्तियों पर नियंत्रण भी है।

अंत में सांसद चौधरी ने सरकार से इस दिशा में जल्द ठोस कदम उठाने का आग्रह करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना समय की मांग है, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त बन सके।

# हनुमान जयंती पर उदयपुरा में निकली भव्य शोभायात्रा



हल्केवीर सूर्यवंशी संभागीय संवाददाता

**उदयपुरा।** गुरुवार को नगर उदयपुरा में हनुमान जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। पूरे नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और जय श्रीराम व बजरंगबली के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मंदिर श्री राम जानकी बड़ा मंदिर से प्रारम्भ होकर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो से होती हुई वापिस श्री राम जानकी बड़ा मंदिर पर पहुंची वहां पर भव्य महाआरती एवं प्रसादी वितरण की गई । जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। युवाओं द्वारा अखाड़ा प्रदर्शन, झांकियां और डीजे की धुनों पर भक्ति गीतों ने लोगों को आकर्षित किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से भगवान हनुमान की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जयंती को लेकर लोगों में खास उत्साह देखने को मिला। अंत में महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पत्नी को पति के साथ रहने को मजबूर नहीं कर सकते: हाई कोर्ट

झारखंड हाई कोर्ट ने पति द्वारा दाखिल वैवाहिक अधिकारों की बहाली से संबंधित मामले में फैमिली कोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि पत्नी को पति के साथ रहने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता, खासकर तब उसने मानसिक और शारीरिक क्रूरता के गंभीर आरोप लगाए हों। यह भी कहा कि वैवाहिक अधिकारों की बहाली का मकसद शावै को बचाना है, न कि किसी एक पक्ष को क्रूरता सहने के लिए मजबूर करना।

अदालत ने धनबाद फैमिली कोर्ट द्वारा 10 मई, 2024 को पारित आदेश कोव गलत मानते हुए पलट दिया और पत्नीर; की अपील स्वीकार कर ली। मामले ऊह विवाहिता अपने पति से लंबे समय करिता अलग रह रही है। फैमिली कोर्ट ने मामले में पत्नी को पति के साथ रहने का निर्देश दिया था, जिसे कोर्ट ने असंवैधानिक और तथ्यों के विपरीत बताया। कोर्ट में दायर अपनी याचिका में विवाहिता ने आरोप लगाया कि उसके वैवाहिक अधिकारों की बहाली का मकसद शादी को बवाना, किसी एक पक्ष को क्रूरता सहने के लिए मजबूर करना नहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि शादी के समय पति की नौकरी के बारे में गलत जानकारी दी गई थी। कोर्ट को यह भी बताया कि वह 2018 से अलग रह रही है और उसके पति और अन्य लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना सहित आपराधिक मामला दर्ज किया गया है।

# सिकंदर कंपू वीरपुर रोड पर लगा निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर अगला शिविर मालनपुर में - डॉ ए एस भल्ला





**ग्वालियर 2 अप्रैल 2026।** सहारा ट्रस्ट एवं सहारा समिति के सौजन्य से सहारा हॉस्पिटल सोफिया कॉलेज कैंपस महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर द्वारा 1 अप्रैल 2026 को अमर गार्डन सिकंदर कंपू बीरपुर रोड लश्कर में लगा अब अगला कैंप 5 अप्रैल 2026 को बड़े हनुमान जी मंदिर के पास जैन मंदिर ग्वालियर भिंड रोड मालनपुर में निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर लगेगा क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं ज्ञात रहे कि शिविर में मरीज को निःशुल्क देखा जाता है और निशुल्क दवा भी वितरण की जाती है तथा गंभीर मरीजों का पंजीयन करके शिविर से सहारा हॉस्पिटल सोफिया कॉलेज केंपस महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर के लिए के लिए रेफर किया जाता है शिवर दिनांक को आने वालों को सहारा हॉस्पिटल की गाड़ी में निःशुल्क लाया जाता है सहारा हॉस्पिटल में आयुष्मान से निःशुल्क इलाज होता है तथा स्वास्थ्य स्वास्थ्य बीमा धारकों का कैशलेस इलाज किया जाता है अस्पताल में ट्रामा सेंटर है अत्याधुनिक उपकरणों से लैस ओ टी है तथा एम एल सी की भी सुविधा है एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज होता है तथा सभी प्रकार की जांचों की भी सुविधा है कैंप में आने वाले मरीज यदि हॉस्पिटल में आते हैं तो उनसे केवल पंजीयन शुल्क लिया जाता है ओपीडी में किसी प्रकार की कोई फीस नहीं ली जाती है तथा सभी प्रकार की जांचों में 20त्न छूट रहती है अस्पताल में लंगर के माध्यम से मरीज को तथा उनकी अटेंडर को दोनों टाइम निःशुल्क के भोजन उपलब्ध कराया जाता है ग्वालियर चंबल संभाग की जनता के लिए सर्वोत्तम हॉस्पिटल है जो 35 वर्षों से सेवा दे रहा है अस्पताल में लगवा पैरालिसिस नाक कान गला पथरी ट्यूमर किडनी लीवर फिजियोथैरेपी आदि सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज होता है तथा सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध हैं शिविर के माध्यम से अंचल की जनता को खूब लाभ मिल रहा है तथा अस्पताल में आने वालों को भी लाभ हो रहा है पहले यह हॉस्पिटल 19 से बसंत विहार ग्वालियर में संचालित था जो वर्ष 2023 से सोफिया कॉलेज कैंपस महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर में संचालित है अस्पताल के फाउंडर डायरेक्टर सुप्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्सक डॉ ए एस भल्ला है ग्वालियर चंबल अंचल में क्या मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ में एकमात्र हॉस्पिटल है जो मरीज के साथ-साथ मरीज के साथ आने वाले अटेंडर को भी लंगर के माध्यम से निशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाता है दोनों समय इसके अलावा जो मरीज भर्ती नहीं है दूर दराज से दिखाने आते हैं उनको भी लंगर के माध्यम से निशुल्क भोजन उपलब्ध दोनों समय कराया जाता है यह व्यवस्था कई वर्षों से है और भी कई सुविधाएं हॉस्पिटल में है सहारा हॉस्पिटल में और भी कई विशेषता है जैसे सहारा सहयोगी चिकित्सा कार्ड भी बनाए जाते हैं सहारा स्वास्थ्य रक्षक कार्ड भी बनाए जाते हैं इसके अलावा सहारा विशिष्ट सहयोगी कार्ड भी बनाए जाते हैं जिससे काफी लाभ कार्ड धारी के परिवार को मिलता है क्या परिचितों रिश्तेदारों को भी मिलता है सहारा हॉस्पिटल के संस्थापक फाउंडर डायरेक्टर अंचल के सुप्रसिद्ध वरिष्ठ चिकित्स्क डॉक्टर स भला नाक कान गला रोग विशेषज्ञ है जो अपने सपने को सरकार कर रहे हैं इनका सपना था कि एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की बीमारियों का सभी का इलाज हो सभी की जांच हो अस्पताल में आने वाले मरीज तथा अटेंडर के अलावा बाहर से आने वाले मरीजों को भी लंगर के माध्यम से दोनों समय ताजा गर्म निःशुल्क भोजन कराया जाता है

## निःशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श शिविर जगजीवन एवं मौ सम्पन्न संपन्न अगला कैंप सिकंदर कंपू





**ग्वालियर 29 मार्च 2026।** सहारा ट्रस्ट एवं सहारा समिति के सौजन्य से सहारा हॉस्पिटल सोफिया कॉलेज कैंपस महलगांव सिटी सेंटर द्वारा 25 मार्च 2026 को जगजीवन नगर 60 फीट रोड मुरार में तथा 29 मार्च 2026 को जिला भिंड के मौ बस स्टैंड के पास सेंवढा रोड पर संपन्न हुआ अब अगला कैंप ग्वालियर महानगर के सिकंदर कंपू वीरपुर रोड पर अमर गार्डन में 1 अप्रैल 2026 को निशुल्क नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण परामर्श सेवा लगेगा क्षेत्र की जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाएं ज्ञात रहे कि शिविर में मरीज को निशुल्क देखा जाता है और निशुल्क दवा भी वितरण की जाती है तथा गंभीर मरीजों का पंजीयन करके शिविर में सहारा हॉस्पिटल सोफिया कॉलेज केंपस महलगांव सिटी सेंटर ग्वालियर के लिए के लिए रेफर किया जाता है सहारा हॉस्पिटल में आयुष्मान से निशुल्क इलाज होता है तथा स्वास्थ्य स्वास्थ्य बीमा धारकों का कैशलेस इलाज किया जाता है अस्पताल में ट्रामा सेंटर है अत्याधुनिक उपकरणों से लैस होती है तथा एम एल सी की भी सुविधा है एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की बीमारियों का इलाज होता है तथा सभी प्रकार की जांचों की भी सुविधा है कैंप में आने वाले मरीज यदि हॉस्पिटल में आते हैं तो उनसे केवल पंजीयन शुल्क लिया जाता है ओपीडी में किसी प्रकार की कोई फीस नहीं ली जाती है तथा सभी प्रकार की जांचों में 20त्न छूट रहती है अस्पताल में लंगर के माध्यम से मरीज को तथा उनकी अटेंडर को दोनों टाइम निःशुल्क के भोजन उपलब्ध कराया जाता है ग्वालियर चंबल संभाग की जनता के लिए सर्वोत्तम हॉस्पिटल है जो 35 वर्षों से सेवा दे रहा है

## मुख्यमंत्री यादव ने छोला क्षेत्र में खेड़ापति हनुमान जन्मोत्सव पर की पूजा-अर्चना



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के छोला क्षेत्र में जन आस्था के केंद्र प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जन्मोत्सव में हिस्सा लिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंदिर में पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का खेल और सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग ने अंगवस्त्रम से स्वागत किया और गदा भेंट की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को भी हनुमान जयंती की बधाई और मंगलकामनाएं दीं। मंदिर परिसर में भंडारे और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम भी हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड, तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)